खबर संक्षेप

## जिले के ऐतिहासिक महत्व एवं गौरवशाली संस्कृति का उत्सव, मंडला गौरव दिवस की तैयारियां पूर्ण

**मण्डला।** 15 नवंबर को मंडला गौरव दिवस का आयोजन जिले में धूमधाम से किया जायेगा। जिले के ऐतिहासिक महत्व एवं गौरवशाली संस्कृति के इस उत्सव की सभी तैयारियाँ जिला प्रशासन द्वारा की जा चुकी हैं। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में 15 नवंबर को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन दिनभर किया जायेगा। कार्यक्रम की शुरूआत 15 नवंबर को प्रातः 11 बजे आंगन तिराहा मंडला में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल मंडला में रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं कंबल बैंक 2.0 का शुभारंभ किया जायेगा। दोपहर 1 बजे मंडला गौरव दिवस का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात दोपहर 1:30 बजे जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन रानी दुर्गावती कॉलेज खैरी मंडला में किया जायेगा। दोपहर 3 बजे गौरव वाहन रैली का आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में की जायेगी। शाम 4:30 बजे मंडला गौरव मण्डपम का शुभारंभ महात्मा गांधी स्टेडियम में होगा। इसके अंतर्गत खाना खजाना, तीरंदाजी प्रदर्शन, मेजिक शो, फन गेम्स, आर्केस्ट्रा एवं नाट्य मंचन होंगे। शाम 6:15 बजे रेवा पथ 2.0 का शुभारंभ एवं शाम 6:30 बजे माँ नर्मदा महाआरती का आयोजन माहिष्मती घाट में होगा। यहां सायं 7 बजे वंदे मातरम पर विशेष प्रस्तुति और शाम 7:30 बजे जननायक गोंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित प्रस्तुतियाँ निषादराज भवन में किया जायेगा। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने और सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता की अपील की गई है।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता का संदेश

# बिंझिया चौराहा से निकली भव्य पद यात्रा






*** केबिनेट मंत्री श्रीमती उइके एवं सांसद श्री कुलस्ते रहे मौजूद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके ने नेतृत्व करते हुए लोगों को लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मार्च को मंत्री श्रीमती उइके ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बिंझिया चौराहे से प्रारंभ हुई इस पद यात्रा में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने एकता के संकल्प के साथ पद यात्रा पूरी की। यह पदयात्रा महात्मा गांधी स्टेडियम में जाकर समाप्त हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदृष्टि, राष्ट्रीय एकीकरण में उनके योगदान तथा युवा पीढ़ी को प्रेरित करने वाले उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय रियासतों का एकीकरण कर एक सशक्त भारत का निर्माण किया। नई पीढ़ी को सरदार पटेल से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस दौरान युवा और जनप्रतिनिधियों ने हाथों में तिरंगा लेकर इस पदयात्रा में हिस्सा लिया।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि रन फॉर यूनिटी ने नगर में उत्साह, जोश और देशभक्ति का अनोखा वातावरण बनाया, जिससे कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप मिला। भारत को एकजुट करने में सरदार वल्लभभाई पटेल का अहम योगदान है। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और शक्तिशाली भारत बनाने का प्रयास किया। उनके इस महत्वपूर्ण योगदान को सारी दुनिया तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात के केवड़िया में सरदार सरोवर बांध पर स्टेच्यु ऑफ यूनिटी तैयार की गई। उन्होंने नागरिकों से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ समाज में एकता, सद्भाव और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने की अपील की।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कुशराम ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के एकीकरण में जो भूमिका निभाई, वह हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेगी। हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम सभी मिलकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा करें। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, श्री जयदत्त झा, श्री आदित्य मिश्रा द्वारा भी संबोधित किया गया।

पद यात्रा मुख्य सड़क मार्ग से गुजरते हुए एक बड़े जनसमुदाय का रूप लेती गई। पूरे मार्ग में जोश, उत्साह और देशभक्ति की गूंज सुनाई देती रही। पद यात्रा में शामिल लोगों ने उच्च स्वर में "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" और "एकता ज़िंदाबाद" के नारे लगाकर पूरे शहर का माहौल राष्ट्रीय भावना से सराबोर कर दिया। युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एकसाथ कदम बढ़ाते नजर आए, जिससे कार्यक्रम और अधिक ऊर्जावान बन गया।




## जिला स्तरीय युवा महोत्सव का इंडोर स्टेडियम में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**मंडला में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन इनडोर स्टेडियम में बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कबड्डी मेट का उद्घाटन रहा, जिसमें कैबिनेट मंत्री पीएचई विभाग श्रीमती संपतिया उइके एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष रूप से उपस्थित रहे।**

मंत्री श्रीमती उइके ने खिलाड़ियों से संवाद किया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अपने उद्बोधन में मंत्री श्रीमती उइके ने प्रदेश मुखिया डॉ. मोहन यादव तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतरीन मंच हैं। इसके माध्यम से स्थानीय युवा शक्ति को सम्बल और स्थानीय लोक संस्कृति और परंपराओं, लोक गायन, लोक कला को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे विभिन्न विधाओं में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन देकर प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें। जिला स्तर के बाद खिलाड़ी संभाग फिर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

मंत्री श्रीमती उइके ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों में अपना बेहतर देने का प्रयास करें। यह टीम भावना को बल प्रदान करता है। खेलों से जीवन में अनुशासन की भावना का विकास होता है। खिलाड़ी अपने जुनून और आत्मविश्वास के साथ खेलों में सहभागिता करें और क्षेत्र का नाम रोशन करें। उनके इन प्रेरक शब्दों ने उपस्थित खिलाड़ियों और युवाओं में नया उत्साह भर दिया। कार्यक्रम का उत्कृष्ट आयोजन करने के लिए उन्होंने खेल विभाग की सराहना की गई और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को अब बेहतर मंच मिलेगा, जहाँ वे अपनी क्षमताओं को निखारकर बड़े स्तर पर पहचान बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में हर संभव सहायता और खेल एवं प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक संसाधन लगातार उपलब्ध करा रही है। सांसद श्री कुलस्ते ने खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास सिखाता है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हार और जीत खेल का स्वाभाविक हिस्सा है, इसलिए किसी भी परिणाम से निराश न होकर लगातार प्रयास करते रहें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा अपार है और सही अवसर मिलने पर ये बच्चे जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं।

## ज्योति बहन जी का मनाया जन्मदिन



**मण्डला।** नर्मदा परिक्रमा क्षेत्र में सेवा भाव को लेकर एक नाम बहुत ही सम्मानीय और प्रतिष्ठित है ऐसा कोई बिरला ही परिक्रमावासी होगा जिसने नर्मदा परिक्रमा की हो और ज्योति बहन जी को या उनके परिवार को न जानता हो। ज्योति बहन जी के परिवार की 06 पीढ़ी नर्मदावासियों की सेवा करती आ रही है गुजरात में इनके घर पर ही परिक्रमावासियों की सेवा होती है उनके रहने, खाने, चिकित्सा एवं अन्य सुविधायें यहां हर समय उपलब्ध रहती है ज्योति बहन जी एक परिवार के सदस्य की तरह प्रत्येक परिक्रमावासियों के सुख-दुख का और उनकी सुविधा का ध्यान रखती हैं कल अन्य परिक्रमावासियों के साथ इनका मण्डला आगमन हुआ जहां पर कि मण्डला के नर्मदा भक्तों ने इनके जन्म दिवस पर बड़ा आयोजन करने का मन बनाया लेकिन सादगी की प्रतिमूर्ति ज्योति बहन जी ने ऐसा नहीं करने को कहा और फिर बहुत विनय निवेदन पर खड़े-खड़े ही केक काटकर अपने अनुयायियों का मान रखा।

## अंजनिया बाईपास में धूं-धूंकर जला ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अंजनिया बाईपास (मंडला) में शुक्रवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। रायपुर से राजस्थान जा रहा एक ट्रक अचानक आग की चपेट में आ गया और कुछ ही मिनटों में पूरा वाहन आग के समुंदर में बदल गया। ट्रक में जीआई तार के भारी बंडल लदे थे जो पूरी तरह जलकर राख हो गए।

हादसे के समय ट्रक ड्राइवर और क्लीनर ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगते ही लगातार धमाके होने लगे-टायर फटे, फिर डीज़ल टैंक के फटने से तेज विस्फोट जैसी आवाजें पूरे अंजनिया क्षेत्र में गूंज उठीं।

सूचना मिलते ही जिला मुख्यालय से दमकल टीम रवाना हुई, लेकिन लगभग 40 मिनट बाद मौके पर पहुंच सकी। आग



काबू में लाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि चलते ट्रक का ड्रॉप एक्सल (गुल्लक) टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर दूर जाकर रुक गया और तुरंत आग भड़क गई।

हादसे के बाद जबलपुर और रायपुर की ओर से आने-जाने वाला हाईवे घंटों जाम में जकड़ा रहा। करीब एक घंटे बाद ट्रैफिक फिर से सुचारू हो सका। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच जारी है।

## किड्स केयर पब्लिक स्कूल, महाराजपुर में बाल दिवस समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



किड्स केयर पब्लिक स्कूल महाराजपुर में बाल दिवस का कार्यक्रम बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से बच्चों को उपहार भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में संस्थान के संचालक आलोक तिवारी तथा प्राचार्या श्रीमती तिवारी की उपस्थिति रही। विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस पेंशनर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद तिवारी का जन्मदिन भी स्कूल परिसर में सभी स्टाफ (शिक्षिकाओं) और बच्चों द्वारा हर्षपूर्वक मनाया गया।

जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिवार ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और अम्बिका प्रसाद तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश के 25वां डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का हुआ उदघाटन

**मण्डला।** विदेश मंत्रालय एवं डाक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश का 25वां डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का उदघाटन मंडला शहर में केबिनेट मंत्री पीएचई श्रीमती संपतिया उइके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा किया गया। अतिथियों ने शिलापट्ट अनावरण और फीता काटकर इस सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही पासपोर्ट वाटिका का भी उदघाटन किया। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में बेहतर विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों में से एक पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ शामिल है। मंडला जिले के नागरिकों को अब पासपोर्ट से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### भागवत कथा | रुक्मणी-कृष्ण विवाह की दिव्य झांकी से सुभद्रा नगर हुआ कृष्णमय।

# भागवत कथा में उमड़ा भक्ति का आनंद

*** कथा परिसर को विशेष रूप से सजाया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





ग्राम पंचायत कटरा स्थित सुभद्रा नगर में जारी श्रीमद्भागवत अमृत ज्ञान कथा महोत्सव में शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025 का दिन भक्ति, प्रेम और आध्यात्मिक उत्साह से सराबोर रहा। धर्मशास्त्राचार्य पं. मानवेंद्र शास्त्री जी महाराज द्वारा सुनाए गए रुक्मणी विवाह के पावन प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा स्थल पर प्रस्तुत रुकमणी-कृष्ण विवाह की जीवंत झांकियों ने ऐसा दिव्य वातावरण रचा कि उपस्थित श्रद्धालुओं को मानो वास्तविक सजीव विवाह का साक्षात्कार हो रहा हो। मंगलगीत, शहनाई और भक्ति संगीत की मधुर धुनों से पूरा परिसर कृष्णमय हो उठा।

पं. शास्त्री जी ने रुक्मणी जी के निष्कपट प्रेम और अटूट समर्पण का वर्णन करते हुए कहा कि उनका कृष्ण के प्रति अनुराग भक्ति का सर्वोच्च आदर्श है। उन्होंने बताया कि रुक्मणी जी भक्त और भगवान के मिलन का शाश्वत प्रतीक है। कथा के दौरान जब रुक्मणी हरण का प्रसंग आया और झांकी में श्रीकृष्ण का द्वारका से विदर्भ पहुंचना तथा रुक्मणी को विवाह हेतु साथ ले जाना प्रदर्शित किया गया, तो दर्शक खुशी और उत्साह से झूम उठे। "जय रुक्मिणी-वल्लभ", "जय श्रीकृष्ण" और "कान्हा जी की जय" के जयघोषों ने वातावरण को और भी दिव्य बना दिया।

कथा के अगले चरण में शास्त्री जी ने विवाह संस्कार का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि रुक्मणी विवाह केवल एक राजसी घटना नहीं, बल्कि प्रेम और धर्म का महत्वपूर्ण संदेश है। उन्होंने कहा कि जब संकल्प पवित्र और प्रेम निष्कलंक हो, तब भगवान स्वयं अपने भक्तों का हाथ थाम लेते हैं। विवाह की झांकियों में पारंपरिक वैदिक विधि, सुसज्जित मंडप, अग्नि, पुष्पवर्षा और वधू-वर के दिव्य स्वरूप को देखकर श्रद्धालुओं को ऐसा प्रतीत हुआ मानो वे स्वयं विदर्भ नरेश के महल में संपन्न हो रहे दिव्य विवाह के साक्षी हों।

कथा परिसर को विशेष रूप से दुल्हन की तरह सजाया गया था। दीपमालाओं की रोशनी, पुष्प सज्जा और भक्ति संगीत की गूंज के बीच रुक्मणी-कृष्ण का दिव्य मिलन आध्यात्मिक सौन्दर्य की अनुपम छटा बिखेर रहा था। कथा उपरांत आरती और भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और श्रीकृष्ण-रुक्मणी के प्रति अपनी भक्ति समर्पित की।

सुभद्रा नगर में आज का दिन प्रेम, भक्ति, सौहार्द और आध्यात्मिक आनंद का अद्भुत उत्सव बन गया। रुक्मणी विवाह की दिव्य प्रस्तुति श्रद्धालुओं के हृदयों में सदा-सदा के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव के रूप में अंकित हो गई।

## बिछिया एसडीएम का नवाचार-पुस्तकालय विद्यार्थियों को किया समर्पित

*** बिछिया विधायक ने उपलब्ध करवाई पुस्तकें-नप ने प्रदान किया कंप्यूटर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया




अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) सोनाली देव (IAS) के द्वारा बहुत ही अनुकरणीय पहल की गई है। उनके द्वारा नवाचार करते हुए क्षेत्र के विद्यार्थियों और किताब प्रेमियों के लिए दो पुस्तकालय खुलवाए गए हैं। पहला पुस्तकालय बिछिया अनुभाग के अंजनिया क्षेत्र में शुरू हुआ है वहीं आज बिछिया स्थित BRC कैंपस में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है। शुभारंभ अवसर पर मंडला जिले के कलेक्टर सोमेश मिश्रा, विधायक नारायण सिंह पट्टा,SDM सोनाली देव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछिया सह डीपीसी कुलदीप कठल, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, मंडल अध्यक्ष भाजपा नीरज भट्ट, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी,थाना प्रभारी भीष्म तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार शोभित रावत सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, अतिथियों के द्वारा फीता काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया इसके पश्चात कलेक्टर मंडला और एसडीम बिछिया द्वारा छात्र छात्राओं से संवाद किया गया और उन्हें शिक्षा का महत्व बताते हुए पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। पुस्तकालय में बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा द्वारा अपनी विधायक निधि से प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रकार की किताबें प्रदान की गई हैं और नगर परिषद द्वारा भवन और कंप्यूटर उपकरण आदि की व्यवस्था करवाई गई है वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछिया सह डीपीसी कुलदीप कठल के द्वारा बिछिया एसडीम के मार्गदर्शन में पुस्तकालय स्थापित करवाने में सराहनीय प्रयास किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## बाल दिवस पर इमलीकुटी आंगनबाड़ी केंद्र में हर्षोल्लास



पार्षद ज्योतिरादित्य भलावी ने बच्चों को बांटी स्कूली सामग्री

**डिंडौरी।** वार्ड क्रमांक 02 इमलीकुटी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष पार्षद ज्योतिरादित्य भलावी अपने साथियों के साथ केंद्र पहुंचे और बच्चों के बीच स्कूल बैग, कॉपी-पेन, चॉकलेट, बिस्किट एवं केक-मिठाई वितरित की।इस अवसर पर पार्षद भलावी ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए संकल्प दिलाया कि वे हर परिस्थिति में शिक्षा प्राप्त करेंगे और भविष्य में अपने जिले, प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करेंगे। साथ ही बच्चों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा भी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सहायिका, कार्यकर्ता, केंद्र की दीदी सहित बच्चों के परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतू ठाकुर, पूर्व पार्षद सैफी खान, हबीब खान, पंकज ब्यौहार भी उपस्थित रहे। बाल दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

## डिंडौरी में बीएलओ को गणना पत्रक भरने का प्रशिक्षण, निर्वाचन कार्यों में तेजी लाने पर जोर



**डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति में और अधिक गति लाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर ऑडिटोरियम मीटिंग कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 104 डिंडौरी के मतदान क्रमांक 1 से लेकर 72 तक के बीएलओ को गणना पत्रक भरने का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव डेमो देकर आयोजित किया गया, जिसमें अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, तथा तहसीलदार डिंडौरी रामप्रसाद मार्को द्वारा पटवारी, रोजगार सहायक, सचिव, बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया का चरणबद्ध मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों ने एक-एक कर्मचारी को बुलाकर गणना पत्रक के सभी कॉलम भरने की विधि, आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन, और एसआईआर एप पर ऑनलाइन एंट्री करवाई। प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन कार्यों में शुद्धता, समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन कार्य को गंभीरता से पूरा करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न छोड़ें। लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत बाईक रैली का हुआ आयोजन

**डिंडौरी।**



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शशिकांता वैश्य, के निर्देशन एवं न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणश्री आशीष कुमार केशरवानी के मार्गदर्शन में दिनांक 09 नवंबर 2025 से 14 नवंबर 2025 तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत दिनांक 14 नवंबर 2025 को बाईक रैली कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायाधीश एम.एल.राठौर, तृतीय जिला न्यायाधीश कमलेश सोनी एवं प्रथम जिला न्यायाधीश रविंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर बाईक रैली का शुभारंभ किया गया। जिसमें पैरालीगल वालेंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल/ पैनल अधिवक्ता तथा न्यायालयीन/ विभागीय अधिकारी, पुलिस कर्मचारीगण, एवं कर्मचारीगण तथा एनजीओ एवं स्वयंसेवी संगठन सम्मिलित होकर बाईक रैली को नगर भ्रमण हेतु रवाना किया गया। उक्त बाईक रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः जिला न्यायालय परिषर में समाप्त हुई। उक्त बाईक रैली में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में सचिव/न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष कुमार केशरवानी ने बताया कि म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह दिनांक 09 नवंबर 2025 से 14 नवंबर 2025 तक मनाया गया है, जिसका समापन आज दिनांक 14नवंबर 2025 को बाईक रैली के माध्यम से किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री आर.पी सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमति कमला उईके, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री उत्कर्षराज सोनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री रिया डहेरिया, यातायात प्रभारी सुभाष उईके, न्यायालयीन कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम, पैनल लायर्स, पैरालीगल वालेंटियर्स व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहें। साथ ही बाल दिवस के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, सेंट ऐंजल, कन्या अंग्रेजी छात्रावास एवं मदर टेरेसा स्कूल में स्टोरी टेलिंग, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, रोल प्ले, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीश/सचिव श्री आशीष कुमार केशरवानी उपस्थित रहे एवं निरीक्षण किया। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों में आयोजित बाल मेले के दौरान भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

# सीएम राइस स्कूल धनुवासागर डिंडौरी में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

### बच्चों ने सुनाईं जनजातीय वीर नायकों की प्रेरक गाथाएँ



**डिंडौरी।** 14 नवंबर 2025 को बाल दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में सीएम राइस स्कूल धनुवासागर, डिंडौरी में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने जनजातीय वीर नायकों की वीरगाथाएँ सुनाईं और उनके साहस तथा प्रेरक जीवन से अवगत कराया। कलेक्टर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय वीर नायकों से प्रेरणा लेकर बच्चों को देश, समाज और अपने भविष्य के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कलेक्टर ने विद्यालय के समस्त बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग कड़ी मेहनत कर 10वीं एवं 12वीं में परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करें मध्यप्रदेश शासन के द्वारा आपको पुरूस्कृत के साथ आपको आगामी उच्च स्तरीय शैक्षणिक संस्था में निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त करें। आप लोग प्रयास करें मेरा आर्शीवाद आप पर सदैव बना रहे, मैं आपको हर पल सहयोग करती रहूंगी। बच्चों ने द्वारा बनाई गई वीर शहीदों की रंगोली, चित्रकारी, पेंटिंग की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

# अमरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती



**अमरपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के शिल्पकार और बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू—पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्र भारत को आधुनिक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और लोकतांत्रिक मूल्यों की जिस मजबूत नींव पर खड़ा किया, वह आज भी देश के विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। नेहरू जी की विचारधारा, सत्य, अहिंसा, समानता और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए सभी पदाधिकारियों ने उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने नेहरू जी के जीवन संघर्ष, दूरदृष्टि, शिक्षा के प्रति प्रेम और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को भावपूर्ण शब्दों में याद किया। अंत में सभी नेहरू जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तोक सिंह मरावी कांग्रेस ब्लॉक प्रभारी, मेहरूदीन मंसूरी, शाहिद तुर्क ब्लॉक संगठन मंत्री, संदीप शाह परस्ते मंडलम अध्यक्ष, देव सिंह भारती विधानसभा अध्यक्ष शहपुरा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**डिंडौरी।**





जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा एवं बाल दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने महिला एवं बाल विकास परियोजना समनापुर के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र कमको का निरीक्षण किया। केंद्र में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तथा बाल दिवस थीम के अनुरूप आकर्षक रंगोली, सजावट एवं बच्चों द्वारा बनाई गई रंगीन गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसकी कलेक्टर ने सराहना की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से गीत, प्रार्थना, कविता, गिनती, अल्फाबेट, रंग पहचानने जैसी शिक्षण-अधिगम गतिविधियों का प्रत्यक्ष प्रस्तुतीकरण कराया। बच्चों की नन्हीं कला, आत्मविश्वास व सीखने की उत्सुकता देखकर कलेक्टर अत्यंत प्रसन्न हुईं और उन्होंने बच्चों की पीठ थपथपाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने बच्चों के साथ बैठकर खीर-पुरी का भोजन भी साझा किया तथा पोषण आहार की गुणवत्ता, स्वच्छता और समय पर वितरण से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में विकसित किचन गार्डन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ग्रोथ मॉनिटरिंग रिकॉर्ड, टीकाकरण रजिस्टर, पेंटिंग कॉर्नर सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर उन्हें सराहनीय बताया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों को कलर बॉक्स, ड्राइंग कॉपी, कैप और छोटे-छोटे उपहार प्रदान करते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि बच्चों की गतिविधियों को और अधिक समृद्ध करने के लिए इनोवेटिव तरीकों का उपयोग किया जाए और हर बच्चे तक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ सुनिश्चित हों। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर, परियोजना अधिकारी अयोध्या सिंह राठौर, पर्यवेक्षक सुश्री सरिता इनवाती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मनाया जा रहा बाल संरक्षण सप्ताह

**अमरपुर।**



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही हैं। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के संभागीय समन्वयक डॉ. शोभा राम मेहरा, जिला संगठक डॉ. पी. सी. उईके तथा आगाज बाल संरक्षण इकाई के मार्गदर्शन में संचालित हो रहे हैं। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर की मार्गदर्शन में महाविद्यालय का बाल संरक्षण क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की संयुक्त तत्वाधान में 14 नवंबर बाल दिवस से लेकर 20 नवंबर अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस तक विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध गतिविधियाँ का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों, स्वास्थ्य तथा लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति छात्रों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना हैं। बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, कानूनी जागरूकता तथा सामाजिक संवेदनशीलता विकसित होगी, जिससे वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकेंगे। बाल संरक्षण क्लब की अध्यक्ष भूमिका श्रीवास्तव द्वारा बाल संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध, लैंगिक शोषण की रोकथाम, कुपोषण, बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षित वातावरण निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। यह कार्यशाला में बताया गया कि बच्चों की सुरक्षा केवल कानूनी प्रावधानों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज, परिवार और संस्थानों की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण हैं। छात्रों को संदिग्ध स्थितियों की पहचान और सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं महजबी मंसूरी, रितु साहू, नेहा धुर्वे, शालिनी धनगर और पूनम धुर्वे आदि ने बाल संरक्षण में रंगोली के माध्यम से जागरुकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. निगहत खान, डॉ. निधि सिंह, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया कमलेश वास्पे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रितु स्वीट्स पर छापामार कार्रवाई, घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर 8 सिलेंडर जब्त



**डिंडौरी।** जिले में गैस वितरण नियमों के पालन को लेकर आपूर्ति विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। रितु स्वीट्स एवं भोजनालय में सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम ख़ान तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नितिन जायसवाल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के खेमकरण ठाकुर द्वारा घरेलू उपयोग के 8 एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक प्रयोजन हेतु उपयोग किया जाना पाया गया, जो नियमों का उल्लंघन है। मौके पर ही सभी 8 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त कर डिंडौरी इंडेन गैस एजेंसी के सुपुर्द किया गया। साथ ही द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियम आदेश, 2000 के प्रावधानों के तहत संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। आपूर्ति विभाग ने कहा है कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है, और आगे भी ऐसे मामलों में कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# सांदीपनि विद्यालय शहपुरा में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस

**शहपुरा** - शहपुरा स्थित सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) में गुरुवार को बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों के साथ आकर्षक बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा फुल्की, कटलेट, चिप्स, चाइनीज,




भेलपुरी, चना और पान जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। साथ ही मनोरंजक गेम्स के जरिए बच्चों ने दिनभर खुशनुमा माहौल बनाए रखा। कार्यक्रम में बच्चों ने केक काटकर राष्ट्र के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई और बाल दिवस के महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर प्राचार्य यशवंत कुमार साहू, प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद बनवासी, शिक्षिका चेतना मरावी, चंदा बनवासी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जनजातीय गौरव दिवस पर राजस्व विभाग ने निकाली बाइक रैली



**शहपुरा-** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजस्व विभाग शहपुरा द्वारा नगर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्टर डिंडौरी के निर्देश, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा के मार्गदर्शन तथा तहसीलदार शहपुरा सुन्दर लाल यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। सुबह निर्धारित समय पर राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी नगर के मुख्य मार्गों पर जुटे और तत्पश्चात बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली नगर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और मुख्य मार्गों से गुजरते हुए लोगों को जनजातीय गौरव दिवस के महत्व से अवगत कराती रही।कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग का विशेष सहयोग रहा, जिसने पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। रैली में शामिल कर्मचारियों ने जनजातीय समाज के महान स्वतंत्रता सेनानियों और जननायकों को याद करते हुए उनके त्याग एवं योगदान को नमन किया। नगरवासियों ने भी रैली का स्वागत किया और जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन की सराहना की।



# आंगनबाड़ी केंद्र में केक काटकर बच्चों ने मनाया बाल दिवस

**शहपुरा** - एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना शहपुरा के नगरीय क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 9 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाकों में शामिल होकर केक काटकर बाल दिवस का जश्न मनाया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता साहू ने बच्चों को केक, बिस्किट, टॉफी वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी विपिन डहरिया, सुपरवाइजर प्रतिभा साहू सहित वार्ड के हितग्राही एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने हंसी-खुशी के माहौल में बाल दिवस की महत्ता को समझते हुए उत्साहपूर्वक दिन का आनंद उठाया।

# गोपालपुर मंडल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न, कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी



**गोरखपुर।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर गोपालपुर मंडल में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। इसी क्रम में गोपालपुर के गोरखपुर बस स्टैंड पर विजय उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालू प्रसाद दुबे, अश्वनी शर्मा और पूरन श्रीवास ने उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। गोपालपुर मंडल की अध्यक्ष वर्षा कुशराम, श्रीमती विजयलक्ष्मी, श्रीमती निशा शर्मा तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अनीश शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल रहे।इसके अलावा मंडल महामंत्री , मंडल उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी, मंडल मंत्री सरस्वती सारथी, मंडल मीडिया प्रभारी पंकज प्यासी, मनीष शर्मा, वीरेंद्र वर्मा, अंकित साहू, प्रिंस शर्मा, सिकंदर खान, संतोष मरावी और रामकुमार भैया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया और भविष्य में संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम उत्साह, देशभक्ति और एकता की भावना के साथ संपन्न हुआ।

# अमरपुर महाविद्यालय की नृत्य समूह जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में द्वितीय स्थान के साथ मनमोहक प्रस्तुति

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं युवा उत्सव कार्यक्रम प्रभारी डॉ. निगहत खान के मार्गदर्शन में युवा उत्सव भारतीय ज्ञान परंपरा संस्कृति की उद्देश्य आधारित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं की करमा सांस्कृतिक नृत्य समूह प्रतिभागी के रूप में भाग लिया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में बहुत ही अद्वितीय शानदार आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की विद्यार्थियों भूपतदास धारवैया, सेवंत परस्ते, कृष्णदास मानिकपुरी, सविता मरावी, अमरवती मरावी, सावित्री सैयाम, सुरंजना परस्ते, रोशनी सैयाम, सुमनलता परस्ते, हेमंत परस्ते, सतीश धुर्वे एवं रामदुलारे मरावी ने भाग लिया। महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. सीमा डावर, दीपचंद गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, समीर धुर्वे, सहज सिंह मरावी, कमलेश वास्पे और ओमकार वाटिया की विशेष सहयोग के साथ छात्र एवं छात्राओं को बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।



## खबर संक्षेप

### बरहटा स्कूल में तेजस्वी मेला आयोजित




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में तेजस्वी मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं वंदना से प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी, वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार दीक्षित के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में पूर्व जनपद सदस्य बृज भूषण बाजपाई, महेश स्वामी, थाना प्रभारी मुंगवानी अनिल तिवारी, दशरथ कहार, भजन यादव, पत्रकार सुरेश गिरधोनिया, महेश मुड़िया, सुरेश मुड़िया की उपस्थिति रही। मेले में प्राचार्य ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गए उत्पादों जिनमे तेजस्वी टीम ने कागज से फूल एवं वॉल डेकोरेशन अंबेडकर टीम ने होम डेकोरेशन सामग्री, भगतसिंह टीम द्वारा हर्बल अगरबत्ती, रानी दुर्गावती टीम द्वारा होम डेकोरेशन, रानी लक्ष्मीबाई टीम द्वारा मिट्टी के दीए एवं शिवाजी टीम द्वारा नेचुरल शैम्पू एवं जेल आदि तैयार सामग्री की जानकारी ली गई। कार्यक्रम में तेजस्वी प्रभारी सुनील दीक्षित, सहयोगी पुष्पेंद्र पुशाम, आशुतोष नामदेव के द्वारा बच्चों को उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर विद्यालय शिक्षक राजेश सिंगोटीया, शायना उस्मानी,तरुवर पटेल, भागचंद झरिया, गनी मोहम्मद, शंकर राजभर, जेपी कोरी, प्रशांत नामदेव, शरद गुप्ता, रक्षा चैरसिया, आकाश रंगारे, गणेश अहिरवार, भावना मिश्रा यश नामदेव सहित सभी शिक्षकों तथा पालकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर 32 बंदियों को मिलेगी रिहाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल के निर्देशन में मध्यप्रदेश सरकार ने अभूतपूर्व निर्णय लिया है। मप्र में 15 नवम्बर, राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर आजीवन कारावास के 32 कैदियों को समय-पूर्व रिहाई दी जावेगी। जिसमें 9 बंदी आदिवासी हैं। मध्यप्रदेश शासन जेल विभाग मंत्रालय भोपाल ने 7 नवम्बर, 2025 को आदेश जारी किया। धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वी जन्म शताब्दी के अवसर पर मध्यप्रदेश में लिये गये निर्णय। अब प्रतिवर्ष 15 नवम्बर राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पर आजीवन कारावास के बंदियों को शासन द्वारा समय पूर्व रिहा किये जाने की शुरुवात हुई। इस निर्णय के साथ ही मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना। जहां वर्ष में 5 बार आजीवन कारावास के दंडित बंदियों को दिशा-निर्देशों में पात्रता अनुसार सजा से छूट प्रदान कर समय पूर्व रिहाई दी जायेगी। महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं भोपाल द्वारा अवगत कराया गया कि राज्यपाल के इस निर्णय ने समाज में यह संदेश दिया कि राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस केवल जलजनित समुद्राय आधारित दिन नही बल्कि समाज के हर वर्ग का दिन है तभी तो पात्रता अनुसार आजीवन कारावास के हर वर्ग के 32 बंदियों को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर समय पूर्व रिहा किया जायेगा।

### विहिप व बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल द्वारा कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि अंडर-19 राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2025 के उद्घाटन समारोह और आदि शंकराचार्य गुरुकुलम के नवीन भवन निर्माण के भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र में विक्रम संवत वर्ष गलत लिखा गया जिसे लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि आमंत्रण पत्र में 13 नवंबर की तिथि के साथ मार्गशीर्ष कृष्ण नवमी, विक्रम संवत 1947 का उल्लेख किया गया है, जो तथ्यात्मक रूप से गलत है। संगठनों ने कार्यक्रम के निदेशक रविंद्र कुमार सिंह महर्षि पतंजलि संस्थान और प्रतुल इंदुरख्या जिला शिक्षा अधिकारी, नरसिंहपुर को इस आमंत्रण पत्र से जुडे प्रमुख अधिकारी बताया है। विहिप और बजरंग दल ने इसे सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था के प्रति गंभीर लापरवाही करार दिया। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत जैसे ऐतिहासिक संवत का गलत उल्लेख न केवल एक त्रुटि है, बल्कि यह हमारी परंपराओं का भी अपमान है।

## जिले को मिले 46 समुदाय भवनों के निर्माण की मंजूरी

# कैबिनेट मंत्री श्री पटेल के प्रयासों से जिले को मिली सौगात

### 8 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि से होंगे निर्माण कार्य



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ग्रामीण विकास एवं पंचायत कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के सतत प्रयासों से जिले में विकास कार्यों को नई गति मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा आमजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा नरसिंहपुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 46 समुदाय भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सभी भवनों के निर्माण पर कुल 8 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत आएगी। यह निर्णय ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर सामाजिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवनों के अभाव में अक्सर ग्रामीणों को समारोह, बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पाता था।

### सामुदायिक भवनों को होगा निर्माण

इस समस्या को दूर करने हेतु कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने निरंतर प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप जिले के लगभग सभी प्रमुख ग्रामों में समुदाय भवनों का जाल बिछाया जा रहा है। नए भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। जिससे ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध हो सकेगी मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उनका मानना है कि मजबूत पंचायत संरचना ही समग्र विकास की आधारशिला होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सामुदायिक भवनों के निर्माण से गांवों में सामाजिक एकता और सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यह भवन युवा गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, महिला समूहों की बैठकें, सांस्कृतिक आयोजन और आपातकालीन परिस्थितियों में राहत शिविर जैसी कई जरूरतों को पूरा करेंगे स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता जताते हुए कैबिनेट मंत्री का आभार प्रकट किया है।

### विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया कि यह सौगात न केवल विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि गांवों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करेगी। आने वाले महीनों में निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे, जिससे जल्द ही ग्रामीणों को इन सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल द्वारा लगातार जिले के विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे है हमारा जिला कृषि प्रधान है यहा सबसे ज्यादा आबादी गांव में निवास करती है हमारा ग्रामीण परिवेश उन्नत होगा तो हमारे शहर भी समृद्ध होंगे इसकी मंशा के साथ सरकार द्वारा दी गई यह बड़ी सौगात जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने मनाया विजय उत्सव

गत दिवस भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा एवं एनडीए गठबंधन को 200 से अधिक सीटों पर मिली प्रचंड जीत व महागठबंधन को 30 सीटों पर सिमटने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर शुभकामनायें देकर व ढोल-नगाड़ों, जयकारों एवं आतिशबाजी के साथ जोरदार जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा की बिहार की जनता ने एक बार फिर भाजपा सहित एनडीए पर भरोसा जताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार के नेतृत्व पर अपनी मुहर लगाई है। यह सचमुच ऐतिहासिक जीत है। महागठबंधन बार-बार राम मंदिर को लेकर अनर्गल राजनीति करता था उन्होंने कहा कि यह नतीजे बताते हैं कि देश की जनता विकास, राष्ट्रवाद और आस्थाकृतीनों मुद्दों को महत्व देती है और ऐसे लोगों को पसंद नहीं करती जो धार्मिक भावनाओं पर चोट करते हों। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# विज्ञान की चमक व व्यंजनों की महक से महका बाल मेला



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बाल दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर को लॉरेल्स इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में बाल मेले के साथ विज्ञान एवं पर्यावरण के मॉडल की भव्य प्रदर्शनी आयोजित की गई। उत्साह से भरे विद्यार्थियों ने अपने-अपने नवाचारों को विविध मॉडल्स के माध्यम से प्रदर्शित किया। वॉटर लिफ्टिंग सिस्टम, ड्रिप सिस्टम, सोलर एनर्जी, चंद्रयान 3, ग्रामीण परिवेश, चिड़ियाघर, फूड हैबिट्स, वाटर लाइफ, बोट हाउस सहित अनेक रोचक मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय परिसर में व्यंजन मेला भी लगाया गया था, जहां चाट, चना, समोसे, आलूबडा, गोलगप्पे आदि का छात्र-छात्राओ ने भरपूर आनंद लिया। वर्किंग मॉडल प्रदर्शनी का निर्णायको ने अवलोकन किया। उत्कृष्ट मॉडल्स को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में बडी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावको की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में संस्थापक कुरियन स्करिया ने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने का एक अवसर है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियो को नवाचार, रचनात्मकता और आत्मविश्वास प्रदान करते है। प्राचार्य श्रीमती रोसम्मा कुरियन ने कहा कि विज्ञान और पर्यावरण मॉडल प्रदर्शनी बच्चों को सीखने का वास्तविक मंच देती है। विद्यालय सदैव बाल सुलभ जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर शिक्षको में श्रीमती साजल श्रीवास्तव, श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा, श्रीमती एकता खरे, श्रीमती माधुरी केवट, श्रीमती सुबलक्ष्मी राजगोपालन, श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव, श्रीमती अंजली दुबे, श्रीमती इंदु श्रीवास्तव, श्रीमती सृष्टि खरे, जानकी कश्यप, प्रिया ठाकुर, राजकुमार पटेल, आराधना भार्गव, उमा केवट, ऋषिका साहू एवं वर्षा शर्मा का सहयोग रहा।

### पुलिस लाइन में जनरल परेड का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस लाइन में जनरल परेड का आयोजन किया गया, परेड में जिले के समस्त थानों एव कार्यालयों में पदस्थ विभिन्न रैंक के अधिकारी और जवान शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा परेड की सलामी ली गयी एवं जवानों की वर्दी, अस्त्र-शस्त्र, परेड की फॉर्मेशन और अनुशासन का निरीक्षण किया। परेड उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर, विभिन्न शाखाओं एवं पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यस्थल पर नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा आत्म-अनुशासन एवं ड्यूटी के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए। परेड के दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट वाले 12 पुलिसकर्मी पुरस्कृत किया गया। परेड के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया, एसडीओपी, मनोज गुप्ता, रक्षित निरीक्षक श्रीमती मनोरमा बघेल एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति समागम कार्यक्रम आयोजित

**तेंदूखेड़ा ।** सरस्वती शिशु मंदिर तेंदूखेड़ा में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान महाकौशल प्रांत की योजना से सप्तशती संगम का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी सुश्री पूजा सोनी विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरोज पटेल पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष मुख्य वक्ता श्रीमती जया शर्मा अधिवक्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर सुश्री पूजा सोनी ने अपने उद्बोधन में बतलाया कि सशक्त नारी ही समाज का निर्माण करती हैं ।आज नारी समाज कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं जहा आज महिलाएं कार्य ना कर रही हो महिलाओं को समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए समाज को सकारात्मक क्षेत्र में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सरोज पटेल ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को शासन से मिलने वाली योजनाओं के बारे मे बताया महिलाओं को समाज मैं डरने की नहीं बल्कि सबको साथ लेकर चलने की बात कही।मुख्य वक्ता श्रीमती जया शर्मा ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए बताया की विद्या भारती के द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर समाज निर्माण का कार्य कर रहे हैं जो भारत की मूल संस्कृति है उसको जीवित रखने का कार्य विद्या भारती ही किए हुए महिलाये समाज की रीढ़ है जो को समाज की गति में आज अपना योगदान दे रही विद्या भारती के द्वारा सप्तशती संगम जो कि महिलाओं पर आधारित कार्यक्रम है इससे निश्चित सकारात्मक परिवर्तन आएगा एवं संस्कारों के साथ-साथ शिक्षा एवं माता बहनों पूर्ण विकास का ध्यान रखा जाए ।कार्यक्रम का आभार एवं संचालन काजल विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की माताएं बहाने बड़ी मात्रा में उपस्थित थी मंचाशीन अतिथियों को विद्यालय के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए ।

### प्रतिभा सम्मान एवं बाल मेला आयोजित

14 नवंबर बाल दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है दिन भर बच्चों के लिए कोई ना कोई कार्यक्रम का आयोजन संस्थानों में होता है सरस्वती शिशु मंदिर में मेले का उद्घाटन नगर के युवा व्यवसायी पंकज तिवारी निक्की अहिंसा कुलदीप शर्मा संदीप खटीक राघवेंद्र चौधरी आदित्य नायक देवेंद्र सेन एवं पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष श्रीकांत वाजपेई के द्वारा किया गया । लगभग 40 बच्चों के द्वारा मेले में दुकान लगाई गई बच्चों एवं आगंतुकों के द्वारा सामान खरीद कर बच्चों को प्रोत्साहन किया गया । विद्यालय मे प्रतिभा सम्मान का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बसंत खेरोनिया राजू पाली दिनेश कटारे अमित खरे यशवंत पटेल गोविंद किरार एवं नीरज राय ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया प्रतिभाओं में जिनके नंबर सर्वोच्च रहे जो विद्यालय में बच्चे अनुशासित रहे जिनकी उपस्थिति अच्छी रही खेलकूद सांस्कृतिक गतिविधियों में जिन्होंने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया ऐसे लगभग 60 प्रतिभाओं का सम्मान संस्था के द्वारा किया गया अतिथियों का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द पटेल के द्वारा किया गया।

# बाल दिवस पर स्कूलों में बाल मेलों का आयोजन









### बच्चों की डांस प्रतियोगिताएं और पिकनिक पार्टी भ्रमण

**तेंदूखेड़ा।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिन संपूर्ण क्षेत्र में बाल दिवस के रुप में मनाया गया।इस मौके पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में बाल मेलों का आयोजन किया गया तथा डांस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तो कुछ स्कूलों के द्वारा बच्चों को पिकनिक स्पॉट ले जाकर भ्रमण कराया गया।14 को सुबह से ही स्कूलों में अच्छी चहल-पहल देखने को मिली नगर के सर्वोदय विद्यालय में मार्निंग सिप्ट में प्राथमिक स्तर के अंग्रेजी माध्यम के छात्रों द्वारा डांस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दोपहर में हिंदी माध्यम के बच्चों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने चाट बाजार का आयोजन किया। अलग-अलग व्यंजनों की दुकानें लगाई गई। वहीं विधिक सेवा समीति तेंदूखेड़ा के द्वारा न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह जागरुकता का आयोजन न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय अरविंद मीणा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय परिवार के शिक्षक छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### श्री जी पब्लिक स्कूल के छात्र पिकनिक भ्रमण

ऊमरपानी में संचालित श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट का भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों ने आनंद लुफ्त उठाया मौज मस्ती की।

### सरस्वती स्कूल में प्रतिभा सम्मान

अनुशासनात्मक शिक्षा के लिए अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाने वाली सरस्वती स्कूल द्वारा विद्यालय परिसर में प्रतिभा सम्मान सप्त शक्ति समागम तथा बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय परिवार के भैया बहिनों द्वारा मेले में व्यंजनों का आनंद लिया। गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल द्वारा भी बाल मेले का आयोजन किया।

### शासकीय विद्यालय डोभी में हुआ बाल मेले का आयोजन

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में बाल दिवस के रूप में मनाई गई सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती जी के शैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसी दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का भी जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सभी बच्चे अपना ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित करें जिससे बेहतर सफलता अर्जित हो सके। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों द्वारा भी अपने विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन अतिथि शिक्षक राहुल पाठक के द्वारा किया गया।

### उत्कृष्ट में तेजस्वी मेले का आयोजन

उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षकों ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाकर खेल खेल में व्यापार एवं गणित की बारीकियां सीखीं। तेजस्वी मेले में छात्रों की टीम्स ने एयरोगार्डन हर्बल हेयर ऑयल धूपबत्ती हाथ से बनी ड्रेस आदि का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। स्वाबलंबन का महत्व छात्र छात्राओं को समझाया । कार्यक्रम का संचालन राजेश सेन जी द्वारा किया गया ।